* N X - 2 1 0 1 2 *

NX-21012

Seat No. ________

Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

February – 2017

Hindi : Paper - IX

(Natya Sahitya) (New Course)

Time : 3 Hours]　　　　[Total Marks : 100

सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।
(२) प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर लिखे गए है।
(३) पाँचवा प्रश्न 'अ' और 'ब' विभाग में है।

१ नाटक के तत्वों के आधार पर 'अषाढ का एक दिन' की समीक्षा कीजिए। १५

अथवा

१ 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के आधार पर औरंगजेब के चरित्र की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। १५

२ 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक में चित्रित सामाजिक – धार्मिक विशेषताओं की चर्चा कीजिए। १५

अथवा

२ 'तांबे के कीड़े' एब्सर्ड शैली में लिखा गया हिन्दी का सर्व प्रथम एकांकी है इस विधान के संदर्भ में उसकी मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए। १५

३ ससंन्दर्भ व्याख्या कीजिए : (तीन की) ३०

(अ) "मैं शगुन ले रहा हुँ। इस वर्षा, आँधी और तूफान में मैं उन्हें अपने घर से निराश नहीं भेज सकता, घर उतनी लक्ष्मी को नहीं लौटा सकता।"

अथवा

(अ) "ये जो महाशय मेरे खरीददार बनकर आये हैं, इनसे जरा पूछिये कि क्या लड़कियों के दिल नहीं होता ? क्या उनको चोट नहीं लगती ? क्या वे बेबस भेड़ – बकरियाँ है, जिन्हें कसाई अच्छी तरह देखभाल कर खरीदते हैं।"

(ब) "कोई ऐसा धर्माचार नहीं जो इन्सान को इन्सान के साथ जोड़े। सभी इन्सान को इन्सान से अलग करते हैं, एक दूसरे के दुश्मन बनाते है।"

अथवा

(ब) "कोई हिन्दु पूछेगा तो कहूँगा ब्राह्मणी का बेटा हूँ, कोई तुर्क पूछेगा तो कहुँगा नीमा मुसलमानित का बेटा हूँ।"

(क) "विलोम क्या है ? एक असफल कालिदास। और कालिदास ? एक सफल विलोम। हम कहीं एक दूसरे के बहुत निकट पड़ते हैं ?"

अथवा

(क) "मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह सम्बन्ध और सब सम्बन्धों से बड़ा है। मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ, जो पवित्र है, कोमल हैं, अनश्वर है....।"

४ किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : २०

(१) 'अषाढ का एक दिन' नाटक की मल्लिका।

(२) 'अषाढ का एक दिन' नाटक में इतिहास और कल्पना।

(३) 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक में अभिनेता।

(४) 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक का उद्देश्य।

(५) 'बहुत बड़ा सवाल' में व्यंग्य योजना।

(६) 'हरी घास पर घण्टे भर' में दाम्पत्य जीवन।

(७) 'संस्कार और भावना' शीर्षक की सार्थकता।

(८) 'वसंत ऋतु का नाटक' की समस्या।

५ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए : १०

(१) 'अषाढ का एक दिन' नाटक किसने लिखा है ?

(२) कबीर के माता–पिता का नाम क्या है ?

(३) 'तांबे के कीड़े' किसके प्रतीक है ?

(४) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के एकांकीकार कौन है ?

(५) औरंगजेब के भाईओं के नाम लिखिए।

(६) कबीर को किस नगर में रहते दिखाये गये है ?

(७) कालीदास का विवाह किससे होता है ?

(८) मोहन राकेश का मूल नाम बताइए।

(९) 'संस्कार और भावना' एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।

(१०) 'हरी घास पर घण्टे भर' में तीन दंपत्तियों के माध्यम से किसका चित्रण किया गया है ?

(ब) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्टक में दिये गये विकल्पों में सही विकल्प चुनकर दीजिए : १०

(१) 'कबीरा खड़ा बाजार में' के नाट्यकार __________ है।

(भीष्म साहनी, मोहन राकेश, सुरेन्द्र वर्मा)

(२) कबीर को __________ जाति का दिखाया गया है।

(कायस्थ, जुलाहा, ठाकुर)

(३) 'अषाढ का एक दिन' नाटक में __________ के अतःद्वन्द्ध को दिखाया गया है।

(विलोम, अंबिका, कालिदास)

(४) 'तांबे के कीड़े' __________ शैली में लिखित एकांकी है।

(एब्सर्ड, व्यंग्यात्मक, भावनात्मक)

(५) कालीदास ने कश्मीर जाकर __________ नाम धारण कर लिया था।

(मातृगुप्त, चन्द्रगुप्त, स्कन्दगुप्त)

(६) 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी के लेखक __________ है।

(विष्णु प्रभाकर, भुवनेश्वर, डॉ. रामकुमार वर्मा)

(७) 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी का नायक __________ है।

(रौशन, अरूण, सुरेन्द्र)

(८) 'रीढ़ की हड्डी' में __________ की रीढ़ की हड्डी नहीं है।

(शंकर, उमा, गोपाल प्रसाद)

(९) 'हरी घास पर घण्टे भर' एकांकी के लेखक __________ हैं।

(प्रसादजी, मोहन राकेश, सुरेन्द्र वर्मा)

(१०) मल्लिका __________ नाटक का पात्र है।

('अषाढ का एक दिन', 'कबीरा खड़ा बाजार में', 'ध्रुव स्वामिनी')